# तेरे नाम के हम तो पागल है | By Bhavika (Pagli)

तेरे नाम के हम तो पागल हैं
तेरे प्यार में हम तो घायल हैं
क्यों करते हो इनकार
तुम्हे आना ही होगा मेरे श्याम धणी सरकार

नज़रे मिला के सांवरिया पागल हमको कर डाला
नज़रो के तीरो से बाबा घायल हमको कर डाला
अब किसको जाकर बोले हमें बतला दो पालनहार
तुम्हे आना ही होगा मेरे श्याम धणी सरकार

अपने प्रेम के रंग में बाबा तूने हमको रंग डाला
धोते धोते हार गई मैं अब ना छूटे रंग बाबा
अब जगती हूँ ना सोती हूँ दिल होता बेकरार
तुम्हे आना ही होगा मेरे श्याम धणी सरकार

तड़प तड़प कर मरना चाहूँ सुध पगली की लेलो श्याम
तुम ना आये तो मेरे बाबा हो जाएंगे हम बदनाम
बोले राही तेरी राहों में तेरी सच्ची है सरकार
तुम्हे आना ही होगा मेरे श्याम धणी सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-bhavika-pagli/